“यूनिकोड हिन्दी टाइपिंग” पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 27.01.2025 को भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय , देहरादून द्वारा विषय विशेषज्ञ श्री अमित रूहेला , कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी , देहरादून के मार्गदर्शन में यूनिकोड हिन्दी टाइपिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परिषद मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों से उपस्थित कुल 16 प्रतिभागियों को कंप्यूटर लैब , वन अनुसंधान संस्थान , देहरादून में **यूनिकोड हिन्दी टाइपिंग** पर अभ्यास आधारित प्रशिक्षण दिया गया । इस कार्यशाला में कृतिदेव जैसे पारंपरिक कुंजी पटल के स्थान पर यूनिकोड समर्थित रेमिंगटन गेल कुंजी पटल पर टाइपिंग सिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान हिन्दी टाइपिंग में आने वाली समस्याओं को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विस्तारपूर्वक समाधान भी किया गया। इस कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया। उन्होने प्रतिभागियों द्वारा कार्यशालाओं में उत्साहपूर्ववक प्रतिभागिता हेतु हर्ष प्रकट की तथा भविष्य में आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में अधिक संख्या में प्रतिभागिता हेतु आशा व्यक्त की।

कार्यशाला की कुछ झलकियां